# मूर्तियों में तोड़फोड़ के विरोध में मनगवां बाजार रहा बंद, एक आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीओपी कार्यालय का घेराव, तैनात रहा भारी पुलिस बल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, मनगवां बस्ती स्थित मढुली माता मन्दिर में स्थापित मूर्तियों में 05 अक्टूबर की रात्रि में तोड फोड कर असामाजिक तत्वों के द्वारा भगवान शिव की मूर्ति को समीप के नदी में फेंक दिया गया था. जिसके बाद से हिन्दू समाज में काफी गुस्सा रहा और पुलिस के द्वारा अभी तक आरोपियो को न पकड़े जाने को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा था.**



गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद मऊगंज के नेतृत्व में मनगवॉ बाजार बन्द रखा गया. बंद में किसी तरह की व्यवस्था न बिगड़े जिसको लेकर भारी पुलिसबल तैनात रहा. एसडीओपी कार्यालय का घेराव कर मंदिर में तोड़फोड़ कर मूर्तियों को खंडित करने वाले आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन धरना किया गया. इस बीच समर्थक में मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति भी धरने में बैठे रहे और प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की. वही मौक़े में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा व एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, गढ़, मनगवॉ, थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रही. वही मजिस्ट्रेटियल अधिकारी अजय मिश्रा भी राजस्व टीम के साथ रहे. बताया गया की मंदिर में देवी देवताओं के मूर्तियों को तोड़फोड़ करने वालो की पहचान कर ली गई है. जिसमें एक आरोपी मोहम्मद उमर अंसारी उर्फ साहिल उर्फ जाहिल पिता मोहम्मद आयूब अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी मनगवां बस्ती थाना मनगवां को गिरफ्तार कर लिया गया है. जबकि अन्य की तलाश की जा रही है. 02 अक्टूबर को ग्राम नगमा स्थित बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड फोड कर खण्डित किया गया था जिससे दुखी होकर बदला लेने की नियत से आरोपियों द्वारा मूर्तियों में तोड़फोड़ की गई.

### प्रदर्शन में दिखी गुटबाजी

धरना प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी आपस में ही एकजुट नही दखे. कुछ प्रदर्शनकारी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की तो वहीं प्रदर्शनकारियों में कुछ टोलियाँ मानने को तैयार नहीं रही. इस दौरान मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति की भी खूब किरकिरी हुई. विधायक ने प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त करने की कई बार घोषणा की. लेकिन विधायक की बात भी प्रदर्शनकारी मानने व सुनने को तैयार नहीं हो रहे थे. जिसके बाद देखा गया की इस प्रदर्शन में तीन चार गुट अलग अलग तरीके से आपस में भिड़ते रहे. वही विश्व हिन्दू संगठन व बजरंग दल की भी आपस में मतभेद देखे गए. इस बीच कुछ लोग प्रदर्शन धरना छोड़कर चले गए तो कुछ वहीं धरने में बैठे रहे. इस तरह का हाईवोल्टेज ड्रामा घंटो चलता रहा.



# अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर को किया गया सील वीडियो वायरल होने के बाद कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा शहर में संचालित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिये सील कर दिया गया है. उल्लेखनीय है कि अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर के संचालक का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उनके द्वारा नकली दवाई विक्री किये जाने का जिक्र किया गया था.**

कलेक्टर ने सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए तत्काल टीम गठित कर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने के निर्देश दिये. निरीक्षण टीम ने अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिये सील कर दिया है. विस्तृत जांच के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी. निरीक्षण टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, ड्रगइस्पेक्टर रेशू ठाकुर, डीएचओ प्रथम डॉ. के.डी. गौतम तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन उपस्थित रहे.

### कई दिनों से चल रही कार्यवाही

गौरतलब है कि छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चो की हुई मौत के बाद से जिले में लगातार राजस्व, ड्रग सहित पुलिस विभाग द्वारा मेडिकल स्टोरो का निरीक्षण किया जा रहा है. कार्यवाही में अब तक कई मेडिकल स्टोरो को सील किये जाने के साथ कार्यवाही भी गई है. लेकिन उसके बाद भी दवा विक्रेताओं में किसी तरह का ड़र नही दिख रहा है. उनके द्वारा बिना किसी ड़र के नकली और घटिया स्तर की दवाएं बिक्री की जा रही है.

## संक्षिप्त



### अमहिया पुलिस ने ढूंढा महिला का गुमा पर्स

**रीवा,** अमहिया थाना पुलिस ने महिला शिक्षिका का गुमा हुआ पर्व ढूंढ कर लौटा दिया. खरीददारी करने निकली महिला का पर्स शिल्पी प्लाजा में कही गुम गया था. जिसकी जानकारी लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और पर्स ढूंढ कर महिला के सुपुर्द कर दिया. जानकारी के अनुसार महिला का पर्स उस वक्त शिल्पी प्लाजा में कहीं गिर गया था जब वो खरीददारी करने बाजार आई थी. पर्स गुमते ही तत्काल महिला अमहिया थाने पहुंची. जहां थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने स्टाफ सहित सक्रियता दिखाते हुए 3 घंटे की सफल मेहनत से पर्स ढूंढ निकाला और महिला के सुपुर्द किया. महिला शिक्षिका ने पुलिस का आभार व्यक्त किया.

### कांग्रेस का दीपावली मिलन समारोह आज

**रीवा,** कांग्रेस का दीपावली मिलन समारोह उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे 24 अक्टूबर को सायं 04:00 बजे से आयोजित किया गया है. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने कार्यक्रम में पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, प्रदेश प्रतिनिधि, वर्तमान तथा पूर्व पार्षदगण, नगर पंचायत पार्षदगण, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक विभाग, जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण, तथा ब्लॉक प्रभारीगण, युवक कांग्रेस, एन.एस.यु.आई, मोर्चा संगठन, विभाग प्रकोष्ठ, आई.टी.सेल रीवा जिले के ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस कमेटी में मण्डलम, सेक्टर, बूथ कमेटी के पदाधिकारीगण तथा सभी कांग्रेस जनों व साथियों से आज 24 अक्टूबर 2025 को सायं 04:00 बजे उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यलय कार्यक्रम में दीपावली मिलन समारोह मे उपस्थित होने की अपील की है.

### आज तक लिए जाएंगे दावे आपत्ति

**रीवा,** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. पुनरीक्षण एक जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है. फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था, अब 21 नवम्बर 2025 को होगा. फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है. प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे. पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे. दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 नवंबर 2025 तक किया जाएगा. फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा.

### राजस्व अभिलेखों में इस्तलाबी सुनिश्चित कराएं

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर पारित आदेशों का शत प्रतिशत इस्तलाबी सुनिश्चित करायें. उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित होने के बावजूद भी राजस्व अभिलेखों में आदेशों की इस्तलाबी नहीं की जाती जो पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही है. कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा भी तत्संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं. कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं.

### कोदो के उपार्जन के लिए पंजीयन आज तक

**रीवा,** शासन द्वारा श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत खरीफ फसल 2025-26 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जाएगा. किसान इसके लिए ई उपार्जन पोर्टल पर 24 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 21 सेवा सहकारी समितियों में 21 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं. कोदो के उपार्जन के लिए तहसील गुढ़ में गुढ़, तहसील जवा में भुनगांव और डभौरा, तहसील त्योंथर में सोहरवा तथा कटरा और तहसील सिरमौर में बैकुंठपुर व सिरमौर को खरीदी केन्द्र बनाया गया है. तहसील सेमरिया में भमरा, सेमरिया एवं बीड़ा, तहसील मनगवां में गढ़, गंगेव, बांस, मनगवां एवं कंदैला को केन्द्र बनाया गया है. तहसील रायपुर कर्चुलियान में व्यौहरा तथा रायपुर कर्चुलियान एवं तहसील हुजूर में बहुरीबांध, कृषि उपज मण्डी करहिया, गोविंदगढ़ तथा बांसा में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं.

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने किया जा रहा जागरुक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अंतर्गत नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 18 साईं मंदिर के सामने पहुँचकर दुकानदारों को स्वच्छ दीपोत्सव थीम के तहत स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई.**

साथ ही स्वच्छता टीम द्वारा शहर के सभी वाणिज्यिक क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है. अभियान के दौरान नगर निगम स्वच्छता टीम ने बाजारों, दुकानों और प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया तथा दुकानदारों से अपील की त्योहारों में सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे थैली, कप, प्लेट, और पैकिंग सामग्री का उपयोग न करें. इसके स्थान पर कपड़े, कागज या जूट के थैले अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया. इस दौरान थैले का वितरण भी टीम द्वारा किया गया. नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि बाजार में खरीदारी करते समय अपने साथ थैले लेकर आएँ और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें. अन्यथा कार्यवाही भी की जाएगी. इस दौरान आईईसी टीम, दुकानदार एवं नागरिकगण मौजूद रहे.

# जिले में 2312 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1230 मीट्रिक टन डीएपी है उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है. रीवा जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 23 अक्टूबर की स्थिति में 2312.62 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1230.40 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है.**

इसके साथ-साथ जिले में 1822.10 मीट्रिक टन एनपीके, 34.35 मीट्रिक टन एमओपी, 3198.80 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा 64.22 मीट्रिक टन एफओएम भी उपलब्ध है. जिले के किसान खाद की आपूर्ति के लिए चिंतित न हो. खाद की नियमित आपूर्ति जारी है. किसानों को अगले एक सप्ताह तक जितनी खाद की जरूरत उसी अनुसार खरीद करें. अब तक किसानों को 2775.81 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1529. 20 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है. इसी तरह किसानों को 1082.40 मीट्रिक टन एनपीके, 3.77 मीट्रिक टन एमओपी, 246.50 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा 26.61 मीट्रिक टन एफओएम खाद का वितरण किया जा चुका है. वर्तमान में मार्कफेड, सहकारी समिति तथा निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध है.

### 1097 मीट्रिक टन यूरिया व 415 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

मऊगंज जिले में किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है. जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 23 अक्टूबर की स्थिति में 1097.81 मीट्रिक टन यूरिया तथा 415.20 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है. इसके साथ-साथ जिले में 482.35 मीट्रिक टन एनपीके, 19.15 मीट्रिक टन एमओपी तथा 1286.24 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट भी उपलब्ध है. अब तक किसानों को 1387.91 मीट्रिक टन यूरिया तथा 764.60 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है. इसी तरह किसानों को 541.20 मीट्रिक टन एनपीके, 1.88 मीट्रिक टन एमओपी तथा 123.25 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद का वितरण किया जा चुका है.



मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

# जिला स्तरीय जागरुकता एवं सहायता शिविर आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.**

इसके तहत संभाग भर में 31 दिसम्बर तक बैंकों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इस क्रम में 24 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट रीवा में जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित किया जा रहा है. शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा. अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि शिविर में जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष के संबंध में जानकारी दी जाएगी. शिविर में जिले के सभी प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनी, पेंशन संस्थाएं, प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के प्रतिभागी शामिल रहेंगे. इस शिविर में अनक्लेम्ड जमा राशि, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फण्ड से संबंधित दावे प्राप्त करने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग और सहायता दी जाएगी.

# रीवा एयरपोर्ट के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र बनाएं प्रस्ताव : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि विंध्य क्षेत्र में विकास की गति तेज़ हुई है और औद्योगिक विस्तार निरंतर गति पकड़ रहा है. रीवा एयरपोर्ट का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण समय की आवश्यकता है.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि रीवा एयरपोर्ट के रनवे को बड़ा करने और आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाये. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के साथ नियमित सामंजस्य बनाकर कार्यवाही को गति दी जाये. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट वर्तमान में एटीआर-72 विमान के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त है और नाइट लैंडिंग की सुविधा से युक्त है. उन्होंने कहा कि बढ़ती हवाई सेवाओं की मांग को देखते हुए एयरपोर्ट के रनवे विस्तार और सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में त्वरित कदम आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि नई एविशन नीति के अंतर्गत रीवा एयरपोर्ट के लिए दो एयरलाइन मार्गों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें शीघ्र अंतिम रूप दिए जाने की आवश्यकता है. इस संबंध में उन्होंने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, ताकि रीवा की हवाई सेवाओं के विस्तार में विलंब न हो. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण से विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा. इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी सशक्त होगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं अवसर प्राप्त होंगे. बैठक में अपर मुख्य सचिव (एविएशन) संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त (एविएशन) चंद्रमौली शुक्ला, उप सचिव (एविएशन) कैलाश बुंदेला उपस्थित थे.

# अधिकारी हर दिन 4 से 5 बजे तक करें सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि संभाग, जिला और विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी प्रतिदिन 4 से 5 बजे तक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें. जब तक सभी प्रकरण निराकृत नहीं हो जाते तब तक प्रत्येक शनिवार को भी प्रकरणों का निराकरण करें. लंबित प्रकरणों में उचित कार्यवाही करके तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज कराएं. संभागीय अधिकारी भी प्रतिदिन लंबित प्रकरणों के कम से कम पाँच आवेदकों से फोन के माध्यम से स्वयं संपर्क करें.

महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. कमिश्नर ने कहा कि मांग आधारित आवेदनों में समुचित प्रतिवेदन दर्ज कर इन्हें बंद कराएं. बजट के अभाव में लंबित प्रकरणों के लिए तत्काल बजट की मांग करें. पीएचई तथा राजस्व विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर हैण्डपंपों के अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें.

संभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों के संबंध में अधीनस्थ जिलाधिकारी, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी और मैदानी अधिकारियों से जानकारी लें. मैदानी अधिकारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित करने पर ही प्रकरणों का निराकरण होगा. लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करें. अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तीन दिवस में ऑनलाइन और आफलाइन दर्ज कराएं. कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक कृषि खाद और बीज की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें. बैठक में संयुक्त आयुक्त सहित अधिकारी मौजूद थे.



सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते कमिश्नर बीएस जामोद

# मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में रीवा जिले के आवेदकों की समस्याएं सुनीं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 अक्टूबर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी.**



उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारी शासन की योजनाओं का लाभ नियत समय में संबंधितों को दिलाया जाना सुनिश्चित करें. समाधान ऑनलाइन में रीवा जिले के आशीष बहेलिया द्वारा मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत लैपटाप प्राप्त न होने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जानकारी प्राप्त की. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा बताया गया कि लैपटाप क्रय के लिए आवंटन उपलब्ध न होने से संबंधित को लैपटाप प्रदान नहीं किया जा सका.

शासन स्तर से बचत आवंटन के लिए मांग की गई. प्रकरण में विलंब किए जाने पर संबंधित लिपिक को निलंबित किया जाकर विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई है. आवेदक आशीष बहेलिया को जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर प्राप्त बजट में से लैपटाप उपलब्ध करा दिया गया है. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अधिकारी मौजूद थे.

### तीर्थदर्शन ट्रेन कल जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**रीवा, 23 अक्टूबर,** वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है.